हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, गुरुवार 9 जुलाई 2026

10 जुलाई तक गणना प्रपत्र भरकर जमा करवाएं 11




750 बच्चों के लिए सिर्फ आठ कमरे, बरामदों में पढ़ रहे 12








खबर संक्षेप

### स्टेशन पर सो रहे मजदूर पर हमला कर 480 रुपये लूट ले गए

**बहादुरगढ़।** स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर में बीती देर रात को वारदात हो गई। यहां प्लेटफार्म पर सो रहे एक प्रवासी मजदूर को 2 शातिर बदमाशों ने निशाना बनाया। पहले बाल पकड़कर खींचा और फिर पेपर कटर से ताबड़तोड़ हमला कर रुपये लूटकर ले गए। पीड़ित की शिकायत पर जीआरपी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वारदात शैलेंद्र के साथ हुई है। शैलेंद्र मूल रूप से उत्तर प्रदेश के सीतापुर का रहने वाला है। गत 6 जुलाई को रोजगार के सिलसिले में बहादुरगढ़ आया था। दिहाड़ी मजदूरी के बाद रात को स्टेशन पर सो रहा था। आरोप है कि रात करीब साढ़े 3 बजे 2 संदिग्ध युवक उसके पास आए और मारपीट व कटर से हमले के बाद 480 रुपये लूटकर ले गए।

### समाधान शिविर में आज सुनेंगे समस्याएं

**झज्जर।** आमजन की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा वीरवार को जिला मुख्यालय सहित सभी उपमंडलों में समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगाए जाएंगे, जहां नागरिकों की शिकायतें सुनकर उनका मौके पर ही निपटान सुनिश्चित किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि जिला स्तरीय समाधान शिविर में डीसी वर्षा खांगवाल जबकि उपमंडल स्तर पर संबंधित एसडीएम लोगों की शिकायतें सुनेंगे।

**78 एमएम बरसात**

नालों की सफाई पर करोड़ों रुपये खर्च कर किया था जलनिकासी पुख्ता होने का दावा, पहली बरसात में ही खुली पोल

# एक घंटे की बरसात में डूब गया 'विकास'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

मानसून की पहले ही बारिश ने बहादुरगढ़ के विकास को नगर परिषद के भ्रष्टाचार में डुबा दिया। करीब एक घंटे हुई बरसात ने नगर प्रशासन की सफाई व्यवस्था को बेपर्दा कर दिया। नगर परिषद हर महीने करोड़ों रुपये खर्च करती है। नालों की सफाई के लिए भी करीब पौने 2 करोड़ रुपये का टेंडर लगाया। इसके अलावा लगातार बैठकों व बयानों के माध्यम से दावा किया जा रहा था कि मानसून से निपटने को प्रशासन तैयार है, लेकिन जब बुधवार को बादल बरसे तो सब पर पानी फिर गया।

बता दें कि बुधवार को शहर में दोपहर साढ़े 12 बजे बारिश का सिलसिला शुरू हुआ, जो करीब एक घंटे तक चलता रहा। इस दौरान 78 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। इसके कारण गर्मी छूमंतर हो गई और मौसम खुशनुमा हो गया। लेकिन शहर के नागरिक अस्पताल से लेकर पुराने बस अड्डे ने तालाब का रूप ले लिया। झज्जर रोड से लेकर बादली रोड, मांडोठी बाजार से लेकर नजफगढ़ रोड पर भारी जलभराव देखने को मिला। धर्मपुरा, महाबीर पार्क, सेक्टर-6, सेक्टर-7, उत्तम कॉलोनी, सैनीपुरा, देव नगर व रणजीत कॉलोनी समेत कई इलाकों में जलभराव हुआ। नालों का पानी सड़कों पर आ गया। कई इलाकों में बिजली भी चली गई। बरसात के बाद भी मेन बाजार, रेलवे रोड, नजफगढ़ रोड के अलावा झज्जर रोड के दुकानदार नगर प्रशासन को कोसते नजर आए। निचले इलाकों में कई मकानों में अंदर तक पानी घुस गया था।

### भ्रष्टाचारियों को मिले सजा

शहर में 78 एमएम बरसात के कारण पैदा हुई जलभराव की स्थिति से पूरे ड्रेनेज सिस्टम पर सवालिया निशान लग गया। शहर में करोड़ों रुपये खर्च के बावजूद बार-बार जलभराव की स्थिति पैदा हो रही है और पानी लोगों के घरों व दुकानों में घुस रहा है। लोगों ने पानी निकासी पर नगर परिषद की ओर से किए गए पूरे खर्च की जांच किए जाने समेत खामी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। वजीर सिंह, राहुल छिकारा, मनोज हुड्डा, सतबीर सिंह, राजकुमार व मुकेश सिंह आदि नागरिकों ने सफाई के इस गंदे-धंधे की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

**डीसी ने बरसात में दौरा कर दी चेतावनी-जलभराव पर होगी कार्रवाई.... लोगों का सवाल-सभी सड़कें डूबीं, ये दिखाई नहीं देतीं?**



बहादुरगढ़। बुधवार को बरसात के बीच गलियों से गुजरते नागरिक, शहर की लगभग हर गली का यही हाल रहा।



झज्जर। शहर के मेन बाजार में हुए जलभराव के बीच गुजरते हुए वाहन।

## डीसी ने नालों की सफाई व अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए



झज्जर। जलनिकासी व्यवस्था का अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते और सफाई के निर्देश देते हुए डीसी वर्षा खांगवाल।

**झज्जर(हरिभूमि न्यूज)।** बुधवार सायं हल्की बारिश के बीच डीसी वर्षा खांगवाल ने अधिकारियों के साथ शहर के शहीदी पार्क, दिल्ली गेट, सीता राम गेट, छारा चुंगी, बीकानेर चौक, आंबेडकर चौक सहित क्षेत्रों का दौरा करते हुए जल निकासी व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि फिलहाल बरसाती सीजन के चलते नाले व सीवरेज लाइन चॉक नहीं हों, इसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारी सभी व्यवस्था दुरुस्त रखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर कहीं जल निकासी को लेकर किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न होता है तो संबंधित विभाग की जवाबदेही तय होगी। उन्होंने कहा कि शहर में गंदगी और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं, नियमानुसार चालान किए जाएं। उन्होंने नप अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था बनाए रखें व सड़कों पर किसी प्रकार का जलभराव नहीं होना चाहिए, इस कार्य की नियमित रूप से मॉनीटिरिंग होनी चाहिए। उन्होंने दिल्ली गेट और शहीदी पार्क क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था के साथ साथ नालों की सफाई के निर्देश दिए। इस दौरान एडीसी एवं डीएमसी जगनिवास व नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी मौजूद रहे।

## जलभराव से बाजारों में कारोबार प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण शहर के अधिकांश क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। शहर के प्रमुख चौक चौराहों, बाजारों व रिहायशी क्षेत्रों में जलभराव के कारण लोगों का जीना मुहाल हो गया है। स्थिति यह है कि बाजारों में जलभराव के कारण कारोबार पूर्णतया प्रभावित हो रखा है। शहर के आंबेडकर चौक से मेन बाजार जाने वाले रास्ते पर कई घंटों तक पानी निकासी नहीं हो पाती। ऐसे में दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर घर जाने को मजबूर हैं। दुकानदारों का कहना है कि अभी मानसून की शुरुआत है, पूरा मानसून सीजन आना शेष है। अगर हालात ऐसे ही रहे तो रोजी रोटी पर संकट आ जाएगा। बुधवार को हुई बरसात के बाद भी स्थिति बेहद खराब रही। आंबेडकर चौक, सीताराम गेट, माता गेट, भट्टी गेट, सिलानी गेट सहित अधिकांश क्षेत्रों में जलभराव के कारण काफी दिक्कतें हुई। भले ही प्रशासनिक स्तर पर नालों की पूर्णतया सफाई किए जाने के दावे किए गए हो। लेकिन उचित ढंग से सफाई नहीं होने के कारण जलभराव हो रहा है।

**सुबह 8 से सायं 4 बजे तक दर्ज बारिश**

| स्थान | बरसात (एमएम में) |
|---|---|
| झज्जर | 15.6 |
| बादली | 6.0 |
| मातनहेल | 6.0 |
| बेरी | 8.0 |
| साल्हावास | 4.0 |




# इनकम टैक्स इंस्पेक्टर की गाड़ी का शीशा तोड़कर रुपये और गोपनीय दस्तावेज चुराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- रोहतक-दिल्ली रोड पर हनुमान मंदिर के पास हुई वारदात, इसी रोड पर हाल ही में दो और कारों के शीशे तोड़कर हो चुकी है चोरी

शहर में दिनदहाड़े गाड़ियों को निशाना बनाया जा रहा है। विशेषकर रोहतक-दिल्ली रोड पर गाड़ियों के शीशे तोड़कर चोरी की जा रही है। अब हनुमान मंदिर के पास इनकम टैक्स इंस्पेक्टर की गाड़ी का शीशा तोड़कर बैग चुरा लिया गया। बैग में रुपये, गोपनीय दस्तावेज सहित अन्य जरूरी सामान था। शिकायत के आधार पर सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात अजय छिल्लर के साथ हुई है। जानकारी के मुताबिक, सेक्टर-6 के निवासी अजय दिल्ली आयकर विभाग में निरीक्षक हैं। बकौल अजय, मंगलवार की सुबह 11 बजे वह रोहतक-दिल्ली रोड स्थित हनुमान मंदिर में आए थे। अपनी स्कॉर्पियन गाड़ी सड़क की दूसरी तरफ स्टेनफोर्ट स्कूल के पास खड़ी कर दी। दर्शन करने के बाद वह गाड़ी के पास गए तो शीशा टूटा हुआ था। अंदर से बैग गायब था। बैग में से विभिन्न बैंक खातों के क्रेडिट व डेबिट कार्ड, फोटो, पेन ड्राइव, हार्ड ड्राइव सहित विभाग के जरूरी गोपनीयत दस्तावेज थे। इसके अलावा पर्स में भी 4 हजार रुपये थे। वहीं, सूचना पाकर सिटी थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि हाल ही में इसी मार्ग से 2 और कारों के शीशे तोड़कर बैग चुराए गए थे। इसके अलावा भी कई बार वारदात हो चुकी हैं। अधिकांश वारदात अनसुलझी हैं।

### युवक के खाते से निकले 95 हजार

**बहादुरगढ़।** गांव कानोंदा के निवासी एक युवक के खाते से 95 हजार रुपये निकाले जाने का मामला सामने आया है। रविन छिकारा का कहना है कि अभी हाल ही में वह कुछ दिन पहले केदारनाथ दर्शन करने गए थे। जब वापस आने लगे तो फोन पर रुपये निकासी के मैसेज आए। खाते से कुल 95 हजार रुपये निकले थे। मामले में सामने आया है कि गूगल पे हैक कर रुपये निकाले गए हैं। पिछले कुछ समय से उन्होंने गूगल पे का इस्तेमाल नहीं किया है। उन्होंने न ही किसी को ओटीपी बताया और न ही अकाउंट की जानकारी साझा की।

**गोलियां की आवाज से थर्राया नयागांव, बाइक सवार दो बदमाशों ने मचाई दहशत**

# जमानत पर आए युवक की सिर और पेट में गोलियां मारकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। वारदात के बाद घटनास्थल का जायजा लेते पुलिस अधिकारी।

नयागांव में बुधवार की रात गोलियां मारकर एक युवक की हत्या कर दी गई। बाइक पर सवार होकर आए बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। मृतक की पहचान नीरज के रूप में हुई है। वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर की।

जानकारी के अनुसार, नयागांव निवासी करीब 25 वर्षीय नीरज रात को खाना खाने के बाद घर से टहलने के लिए निकला था। जब वह फिरनी पर पहुंचा तो 2 हमलावर नजदीक आए और उस पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। गोलियां नीरज के सिर और पेट में लगीं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पास खड़ी अपनी बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने भी मौके का दौरा कर जांच का



जायजा लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। वीरवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। युवक की हत्या से परिजन आहत हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतक नीरज के खिलाफ पहले से कुछ आपराधिक मामले दर्ज बताए जा रहे हैं और वह फिलहाल जमानत पर बाहर आया हुआ था। हत्या के पीछे के कारणों की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पुलिस की कई टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और अन्य साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। सदर थाना प्रभारी विकास कुमार का कहना है कि मामले में जांच शुरू कर दी है।

**खेल** यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग की ओर से 15 से 19 जुलाई तक चैंपियनशिप

# हंगरी में दम दिखाएंगे जिले के पहलवान

- ओलंपिक मेडलिस्ट अमन सहरावत, ओलंपियन दीपक पूनिया सहित वर्ल्ड व एशियन मेडलिस्ट पहलवान प्रतियोगिता में भाग लेंगे

मनीष कुमार ▶▶ बहादुरगढ़



पहलवान अमन सहरावत



दीपक पूनिया



मोहित कुमार



दिनेश धनखड़




सुमित दलाल

यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग की ओर से आगामी 15 से 19 जुलाई तक हंगरी के बुडापेस्ट में रैंकिंग सीरीज का आयोजन किया जा रहा है। हंगरी के महान रेसलर पॉल्याक इमरे, वर्गा जनोस, कोजमा इस्तवान की स्मृति में आयोजित इस चैंपियनशिप में दुनियाभर के पहलवान दमखम दिखाएंगे। झज्जर जिले के भी करीब आधा दर्जन पहलवानों ने भारतीय टीम में जगह बनाई है। इनमें ओलंपिक मेडलिस्ट अमन सहरावत, ओलंपियन दीपक पूनिया सहित वर्ल्ड व एशियन मेडलिस्ट पहलवान शामिल हैं।

यूडब्ल्यूडब्ल्यू की साइट पर दर्शाए गए झज्जर के पहलवानों में सबसे बड़ा नाम अमन सहरावत का है। अमन सहरावत (57 किलोग्राम फ्री स्टाइल) बिरोहड़ गांव से हैं और पेरिस ओलंपिक में देश के लिए मेडल जीत चुके हैं। एशियन गेम्स में अमन सहरावत मेडल जीत चुके हैं। वर्ल्ड व एशियन चैंपियनशिप में भी कई मेडल हैं। छारा गांव के अर्जुन अवॉर्डी दीपक पूनिया (97 किलोग्राम फ्री स्टाइल) ओलंपिक में खेल चुके हैं और वर्ल्ड चैंपियनशिप, एशियन चैंपियनशिप में कई मेडल जीत चुके हैं। इन्होंने भी 2022 एशियन गेम्स में सिलवर मेडल जीता था। इसी तरह 65 किलोग्राम भारवर्ग में रुड़ियवास के मोहित जोर आजमाइश करेंगे।

जयवीर अखाड़े में अभ्यास करने वाले मोहित एशियन चैंपियनशिप में मेडल जीत चुके हैं। हेवीवेट-125 किलोग्राम भारवर्ग फ्री स्टाइल में गोयला कलां के निवासी दिनेश धनखड़ पर नजर रहेगी। दिनेश इससे पहले भी रैंकिंग व एशियन चैंपियनशिप में मेडल जीत चुके हैं। वहीं ग्रीको रोमन 60 किलोग्राम भारवर्ग में सुमित दलाल पर दारोमदार रहेगा। सुमित वर्ल्ड चैंपियनशिप में लगातार 3 बार गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। इन सभी पहलवानों के अलावा 130 किलोग्राम भारवर्ग ग्रीकोरोमन के दीपांशु भी भारतीय दल में शामिल हैं। ये झज्जर जिले के गांव शेरिया के बताए जाते हैं।

LAND FOR SALE
Near PDM University
HITEN PRABHU LATHER
73025 51809



हेल्थ क्वेस्ट

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब कमर में हो अकड़न और दर्द



**मेरी उम्र 28 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी कमर और बैक बोन में अकड़न रहती है और हल्का-हल्का दर्द भी होता रहता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-साकेत, रायपुर**

आजकल युवाओं में इस तरह की समस्याएं काफी देखी जाती हैं। इसका कारण लंबी सिटिंग है। अगर आपका प्रोफेशन भी ऐसा है तो जरूर आपको लाइफस्टाइल थोड़ी चेंज करनी पड़ेगी। रेगुलर तौर पर सुबह और शाम कमर की एक्सरसाइज करें। ऑफिस में काम करते वक्त थोड़ी-थोड़ी देर के अंतराल में कुछ चहलकदमी करें। इसके अलावा विटामिन-डी और कैल्शियम की भी जांच कर लें। इसकी कमी भी दर्द की वजह बनती है।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। बरसात के मौसम में मैं अकसर बीमार पड़ जाता हूं। गला खराब रहता है, लूज मोशंस और उल्टियों की समस्या बनी रहती है। प्लीज बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-सुशील, भोपाल**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको पानी से इंफेक्शन हो सकता है, जिससे डाइजेशन सिस्टम गड़बड़ हो जाता है। सबसे पहले आप घर के बाहर जाते समय पीने का पानी साथ लेकर निकलें। गला खराब होने की वजह ठंडा पानी होता है। कई बार लोग गर्मी से आते हैं और तुरंत ठंडा पानी पी लेते हैं। इस मौसम में अचानक ठंडा पानी पीना भी नुकसानदेय हो सकता है। इससे बचना चाहिए।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। मैं जब भी सीढ़ियां चढ़ता-उतरता हूं मेरी सांस फूलने लगती है। जबकि प्लेन सरफेस पर चलने-फिरने से ऐसा नहीं होता। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-रमेश, कटनी**

सांस फूलने की एक वजह दिल संबंधी परेशानी हो सकती है, लेकिन जांच कराए बिना कुछ भी कहना ठीक नहीं है। हालांकि कई बार फेफड़े संबंधित रोग से भी ऐसा होता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप एक बार डॉक्टर से संपर्क करें। वह कुछ जांच कराएंगे, जिससे इसकी वजह पता चलेगी और उसका इलाज हो सकेगा। फिलहाल आप जल्दी डॉक्टर से संपर्क करें।

**मेरी उम्र 62वर्ष है। एक साल पहले मैंने प्रोस्टेट का ऑपरेशन करवाया था। पिछले कुछ हफ्तों से यूरिनेशन में प्रॉब्लम हो रही है। कृपया बताएं कि अब मुझे क्या करना चाहिए?**

**-जगताप, रोहतक**

जितनी जल्दी हो आपको डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। जांच करने के बाद ही पता चलेगा कि इसकी वजह क्या है? इस बात का ध्यान रखें कि बगैर जांच कराए आप कोई भी दवा ना लें। ऐसा करना नुकसानदायक हो सकता है।

**मेरी उम्र 33 वर्ष है। मेरी आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स हो गए हैं। और स्किन भी सूजी हुई है। कई तरह की होम-रेमिडीज ट्राई करने पर भी कोई असर नहीं हुआ। कृपया इस समस्या का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-सोहम, बिलासपुर**

आंखों के नीचे डार्क सर्कल कई बार शरीर में खून की कमी से भी हो सकते हैं। दूसरी बात आप बता रहे हैं कि स्किन में स्वेलिंग भी है तो यह लक्षण शुगर बढ़ने की वजह से भी होता है। ऐसे में बगैर जांच कराए कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप एक बार डॉक्टर से संपर्क करके जांच करा लें, जिससे परेशानी का कारण पता चलेगा और प्रॉपर उपचार किया जा सकेगा। फिलहाल आप मीठा खाना बिल्कुल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। मुझे लंबे समय से साइनस की प्रॉब्लम है। काफी दवाइयां लेने और घरेलू उपचारों के बाद भी यह ठीक नहीं हुआ। कृपया बताएं, क्या करूं कि यह प्रॉब्लम ठीक हो जाए।**

**-नीरज, हिसार**

आपको ईएनटी विशेषज्ञ से मिलना चाहिए, वे जांच कर बताएंगे कि इसकी वजह क्या है? कई बार नाक की हड्डी बढ़ने से भी ऐसी समस्या आती है और उसे ठीक किया जा सकता है, लेकिन बगैर जांच किए कुछ भी नहीं कहा जा सकता है, इसलिए डॉक्टर से संपर्क करें। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**



डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. बी. ए. चौरसिया
कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन
कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

मानसून के दौरान पाचन तंत्र से संबंधित समस्याएं अन्य ऋतुओं की तुलना में कहीं ज्यादा बढ़ जाती हैं। समस्या की गंभीरता का अंदाजा इस तथ्य से लगा सकते हैं कि प्रतिवर्ष देश में लगभग तीन लाख बच्चों की मौतें डायरिया के कारण होती हैं, जिनमें सबसे ज्यादा मामले मानसून के दौरान दर्ज होते हैं। बारिश के मौसम में किस तरह की समस्याएं हो सकती हैं, इनसे बचने के लिए क्या सावधानियां बरतें, यहां एक्सपर्ट डॉक्टर डिटेल में बता रहे हैं।

# बारिश के मौसम में बढ़ जाता है पाचन संबंधी संक्रमण का रिस्क








अधिकतर हेल्थ एक्सपर्ट्स अब इस तथ्य पर एकमत है कि अच्छे स्वास्थ्य की बुनियाद सशक्त पाचन तंत्र पर आधारित है, लेकिन यही तंत्र लापरवाही बरतने पर बारिश के मौसम में तेजी से बिगड़ जाता है। ऐसे में इस मौसम में एक्स्ट्रा केयर और प्रिकॉशन बरतने की जरूरत होती है।

## इसलिए बढ़ती हैं समस्याएं

मानसून में अत्यधिक उमस भरे वातावरण के कारण व्यक्ति की पाचन क्रिया धीमी हो जाती है। बारिश होने पर वातावरण में नमी व्याप्त हो जाती है और बारिश थमने पर धूप निकलने के बाद मौसम अत्यधिक उमस भरा, चिपचिपा हो जाता है। यह स्थिति शरीर की पाचन क्रिया को धीमा करती है। पाचन क्रिया के धीमा पड़ने से अपच (बदहजमी), गैस, एसिडिटी, पेट में दर्द, मरोड़ और ऐंठन आदि गैस्ट्रो इंटेस्टाइनल (पेट और आंतों से संबंधित) समस्याएं होने का खतरा बढ़ जाता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार बारिश के मौसम में नमी और उमस के अलावा गंदगी के बढ़ने के कारण जीवाणु तेजी से पनपते हैं। ये जीवाणु व्यक्ति को विभिन्न बीमारियों का शिकार बनाते हैं। अशुद्ध पेयजल और दूषित खाद्य पदार्थ ग्रहण करने से होने वाली इन जीवाणुजनित बीमारियों में प्रमुख तौर पर गैस्ट्रोएंटेराइटिस, डायरिया, पेचिश, पेट और आंतों में संक्रमण, फूड प्वॉइजनिंग और हैजा शामिल हैं। इसके अलावा मानसून में हेपेटाइटिस ए और हेपिटाइटिस ई के मामले भी बढ़ जाते हैं, लेकिन हेपेटाइटिस वायरस जनित रोग है।

**गैस्ट्रोएंटेराइटिसः** पेट और आंतों में संक्रमण की स्थिति को गैस्ट्रोएंटेराइटिस कहते हैं। इस समस्या में पेट में मरोड़, ऐंठन, दर्द, उल्टी, दस्त और बुखार के लक्षण प्रकट होते हैं। कुछ लोगों में सिर दर्द की समस्या भी होती है।

**डायरियाः** इसमें भी गैस्ट्रोएंटेराइटिस सरीखे लक्षण प्रकट होते हैं, लेकिन दस्त अनेक बार और जल्दी-जल्दी होते हैं। देश में 5 वर्ष तक के बच्चों में डायरिया के मामले बहुत ज्यादा होते हैं, जो मानसून में तेजी से बढ़ते हैं।

**पेचिश (डिसेंट्री):** जब दस्त के साथ खून भी आने लगे तो उस स्थिति को पेचिश या डिसेंट्री कहते हैं। इस मर्ज के अन्य लक्षण गैस्ट्रोएंटेराइटिस की तरह ही होते हैं।

**अपच (बदहजमी)-गैस-एसिडिटीः** भूख से अधिक मात्रा में गरिष्ठ और अधिक चिकनाईयुक्त पदार्थों को खाना, इन समस्याओं का एक कारण है। चूंकि मानसून में पाचन क्रिया धीमी रहती है, इसलिए गरिष्ठ खाद्य पदार्थों को पचाने में पाचन तंत्र पर अतिरिक्त भार पड़ता है, नतीजतन अपच, गैस और एसिडिटी के मामले मानसून में बड़े पैमाने पर सामने आते हैं।

**हेपेटाइटिस ए और ईः** लिवर में सूजन और इन्फ्लेमेशन (इस स्थिति में सूजन के अलावा मरीज की लिवर कोशिकाएं भी क्षतिग्रस्त होने लगती हैं) को हेपेटाइटिस कहते हैं। मानसून के दौरान हेपेटाइटिस ए और हेपेटाइटिस ई के मामले काफी बढ़ जाते हैं। हेपेटाइटिस में पीड़ित व्यक्ति को पहले बुखार आता है और इसके बाद वह पीलिया (जॉन्डिस) से ग्रस्त हो जाता है। पीलिया के लक्षणों के अंतर्गत पीड़ित व्यक्ति की आंखों का रंग पीला हो जाता है, उन्हें यूरिन पीली होती है और वे भूख महसूस नहीं करते। गौरतलब है कि पीलिया, हेपेटाइटिस का लक्षण है।

**फूड प्वॉइजनिंगः** ई.कोली और सैलमॉनेला नामक जीवाणु बरसात के मौसम में तेजी से पनपते हैं। ये जीवाणु अशुद्ध पेयजल और दूषित खाद्य पदार्थों के जरिए शरीर में पहुंचते हैं। पेट खराब होना और उल्टी होना, इस समस्या के प्रमुख लक्षण हैं।

**हैजाः** मानसून के दौरान वाइबरियो कॉलेरी नामक जीवाणु तेजी से पनपता है, जो हैजा (कॉलरा) का कारण है। प्रदूषित खाद्य और अशुद्ध पेय पदार्थों को लेने से इसके जीवाणु शरीर में प्रवेश कर पाचन तंत्र को गड़बड़ कर देते हैं। लगातार उल्टियां और दस्त होना इस रोग के प्रमुख लक्षण हैं।

## इलाज के बारे में

- गैस्ट्रोएंटेराइटिस, डायरिया और डिसेंट्री के इलाज में जरूरत पड़ने पर डॉक्टर के परामर्श से एंटीबायोटिक दवाएं दी जाती हैं।
- ओरल रिहाइड्रेशन थेरेपी का भी प्रयोग होता है।
- अनेक मामलों में लक्षणों के आधार पर चिकित्सा की जाती है। जैसे मरीज को उल्टी होने पर इसे दूर करने की दवा, पेट में मरोड़ और दर्द होने पर इसे दूर करने वाली दवा और सिर दर्द होने पर इससे राहत दिलाने वाली दवा पेशेंट को दी जाती है।
- हेपेटाइटिस ए और हेपेटाइटिस ई में एंटीबायोटिक दवाओं का प्रयोग नहीं किया जाता। हेपेटाइटिस के इन दोनों प्रकारों में लक्षणों के आधार पर इलाज किया जाता है। बावजूद इसके, जो महिलाएं प्रेग्नेंट हों, उन्हें डॉक्टर के परामर्श की आवश्यकता होती है।
- बदहजमी, गैस और एसिडिटी की समस्या को ज्यादातर मामलों में घर पर रहकर ही डॉक्टर के परामर्श से खानपान में संयम बरतकर और दवाओं से दूर किया जा सकता है।
- फूड प्वॉइजनिंग का इलाज लक्षणों के आधार पर किया जाता है। जैसे उल्टियां होने पर इसे रोकने की दवाएं दी जाती हैं।
- हैजा के इलाज में उल्टी और दस्त को रोकने की दवाएं दी जाती हैं। यह बहुत जरूरी होता है कि मरीज के शरीर में पानी की कमी न हो पाए, इसलिए उसे हाइड्रेशन थेरेपी दी जाती है।

## तब न करें लापरवाही

पाचन तंत्र से संबंधित समस्याओं को गंभीर स्थिति में पहुंचने से पहले ही सावधान हो जाना चाहिए। जैसे मानसून में डायरिया के मामले बढ़ जाते हैं, वैसे तो यह एक आम समस्या है, लेकिन लापरवाही बरतने पर डायरिया आपको गंभीर हालत में पहुंचा सकता है। रोगी अगर पर्याप्त मात्रा में पानी पीता है, ओआरएस लेता है तो स्थिति कंट्रोल में रहेगी। लेकिन अगर यहां बताए जा रहे कुछ लक्षण दिखें तो तुरंत हॉस्पिटल जाकर डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए। जैसे-अगर मरीज को लगातार कई दिनों से बुखार जारी है। उसे यूरिन कम हो रही हो। मल (स्टूल) से खून आ रहा हो। पीड़ित व्यक्ति की उल्टियां और दस्त बंद न हो रहे हों। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

## मानसूनी संक्रमण से बचाव के उपाय



- शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। अगर आपके पास वाटर फिल्टर, वॉटर प्यूरीफायर या आरओ उपलब्ध नहीं है तो फिर पानी को उबालकर और फिर ठंडा कर पिएं।
- दस्त और उल्टी होने पर शरीर में पानी की कमी हो जाती है। शरीर में पानी की कमी से डिहाइड्रेशन की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस स्थिति की रोकथाम के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहना चाहिए और ओआरएस भी लेना चाहिए।
- हल्का सुपाच्य भोजन करें। स्वाद के लालच में ओवर ईटिंग से बचें।
- जहां तक संभव हो, घर के बाहर खाने से परहेज करें।
- जंक फूड्स और फास्ट फूड्स से दूरी बनाए रखें।
- कुछ भी खाने से पहले सैनिटाइजर या एंटीबैक्टीरियल साबुन से हाथ जरूर धोएं।
- बाजार में मिलने वाले पकौड़ों, कचौड़ियों, चाट, समोसे आदि गरिष्ठ खाद्य पदार्थों की बजाए कभी-कभार घर में बनाकर खाना बेहतर है।
- बासी खाद्य पदार्थों से परहेज करें।
- ताजी सब्जियों और ताजे फलों को ही ग्रहण करें। इन्हें अच्छी तरह से धोकर खाएं।
- इन दिनों जूस के स्थान पर सूप का सेवन स्वच्छता के लिहाज से अच्छा है। जूस, चाय और कॉफी की मात्रा घटाएं और सूप की मात्रा बढ़ाएं।
- नॉनवेज और सीफूड्स से दूरी बनाए रखना आपके लिए लाभप्रद रहेगा।
- पीने का पानी स्वच्छ और शुद्ध होना चाहिए। संक्रमित पानी पीने से हेपेटाइटिस ए, हेपेटाइटिस ई और डायरिया आदि समस्याओं का रिस्क बढ़ता है।

डाइट

राजकुमार दिनकर

# जब नाश्ते के बाद फील हो सुस्ती



बहुत से लोगों को सुबह नाश्ता करने के बाद शरीर में भारीपन महसूस होता है, आलस छाने लगता है, थकान महसूस होती है, काम करने के लिए बैठो तो काम में मन नहीं लगता। यह एक आम समस्या है। नाश्ते में आप क्या लेते हैं, आपका खान-पान कैसा है और आपका लाइफस्टाइल कैसा है, यह बहुत मायने रखता है। सुबह के नाश्ते के बाद नींद या सुस्ती आना इसे फूड कोमा भी कहा जाता है।

**हो सकती हैं कई वजहः** तमाम दूसरी वजहों के अलावा एक सबसे बड़ी समस्या होती है, नाश्ते में कार्बोहाइड्रेट या वसायुक्त फूड्स खाना। खाना कम मात्रा में न खाकर ज्यादा खाने से भी यह समस्या होती है, क्योंकि अत्यधिक कैलोरी, रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट या वसायुक्त नाश्ता शरीर को सुस्त बनाता है। जो लोग सुबह 4 या 5 बजे सोकर जगते हैं, उन्हें भी इस समस्या का ज्यादा सामना करना पड़ता है, क्योंकि अगर हमारी नींद पूरी न हो तो नाश्ता करने के बाद शरीर में सुस्ती आने लगती है। इसके अलावा जो भोजन हम खाते हैं, उनमें अगर विटामिन-डी, बी, बी-12 या आयरन की कमी होती है तो इससे भी नाश्ता करने के बाद नींद आने लगती है।

**सही फूड न चुननाः** सुबह के समय परांठा, सफेद ब्रेड, तली हुई चीजें खाने से रक्त में शुगर लेवल बढ़ जाता है। अगर ज्यादा खा लिया जाए तो भोजन को पचाने में शरीर को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ती है। इसके लिए बड़ी वजह नाश्ते में फाइबर से भरपूर चीजों का कम सेवन करना, एक्सरसाइज न करना, फिजिकल एक्टिविटी से दूर रहना, फास्ट फूड और ज्यादा नमक, मसाले और मैदे से बनी चीजें खाना और लंबे समय तक एक ही जगह बैठे रहने से भी नींद आती है।



**डाइट में करें बदलावः** नाश्ते में कुछ बदलाव करने से आपको नींद या सुस्ती नहीं आएगी। सुबह 7 बजे फल और भीगे हुए मेवे खाने के बाद 10 बजे संतुलित नाश्ता करें। दही को नाश्ते के बजाय दोपहर के भोजन में लें। सुबह के समय मौसम के अनुसार फलों का सेवन करें। हल्का और पोषक नाश्ता जैसे ओट्स या मल्टीग्रेन रोटी, उबले अंडे, अंकुरित अनाज, फल और सलाद आदि लें। रात के समय हल्का खाएं। सुबह के समय नाश्ते में ज्यादा मीठा या तला-भुना फूड न खाएं। सुबह नाश्ता हल्का रखें। नाश्ते में ज्यादा मात्रा में प्रोटीन और ज्यादा कार्बोहाइड्रेटयुक्त फूड लेने से भी नींद और सुस्ती महसूस होती है। *

योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'

स्लीप योगा योगासनों के जरिए नींद पाने का एक ऐसा जरिया है, जो गहरी नींद का अनुभव करा सकती है। इसलिए आज लाखों लोग स्वस्थ नींद के लिए, नींद योग कर रहे हैं। इसे कैसे करते हैं, इसके क्या फायदे हैं, आप जरूर जानना चाहेंगे।

# अच्छी नींद के लिए कारगर है स्लीप योगा



दिनभर की भाग-दौड़, बढ़ती प्रतिस्पर्धा, काम का दबाव और डिजिटल सक्रियता ने अधिकांश लोगों की सुकून भरी नींद छीन ली है। हालात ये हो गए हैं कि लोग थकान से चूर रहते हैं, लेकिन फिर भी बिस्तर पर इधर से उधर करवट बदलते रहते हैं, उन्हें नींद नहीं आती। इन दिनों ऐसी एक नहीं अनेक वजहें हैं, जिनसे लोगों को भरपूर नींद नहीं आती है। ऐसे में स्लीप योगा कारगर उपचार के रूप में सामने आया है। यह केवल नींद लाने का उपाय नहीं है बल्कि इससे शरीर की जैविक घड़ी को भी संतुलित किया जा सकता है। मानसिक तनाव कम करने और नींद की गुणवत्ता सुधारने का यह एक समग्र माध्यम है। यही कारण है कि इन दिनों बेहतर स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और भरपूर नींद की तलाश में लोग स्लीप योगा को अपना रहे हैं।

**क्या है स्लीप योगाः** यह एक ऐसी प्राचीन भारतीय पद्धति है, जो बिना अतिरिक्त श्रम किए शरीर को विश्राम की अवस्था में ले जाने की क्षमता रखती है। गहरी श्वास, ध्यान और विश्रामकारी आसनों के जरिए बड़ी सहजता से योग निद्रा हासिल की जा सकती है।



**स्लीप योगा के स्टेप्सः** स्लीप योगा उन योग तकनीकों का समूह है, जो सोने से पहले शरीर और मन को शांत करने के लिए जरूरी होती है। इसमें मुख्य रूप से शामिल हैं- गहरी श्वास का अभ्यास यानी डीप ब्रीदिंग, योग मुद्रा, हल्के स्ट्रेचिंग आसन, मेडिटेशन, माइंडफुलनेस तकनीकें। दरअसल, इन तमाम तकनीकों का उद्देश्य शरीर को आराम देना और नर्वस सिस्टम को विश्राम के लिए संकेत देना है। विशेषज्ञ कहते हैं कि स्लीप योगा शरीर की प्राकृतिक नींद की प्रक्रिया को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वस्थ और सहज बना देता है।

पहला अभ्यास विपरीतकरणी का है। इसके लिए दीवार के सहारे पैरों को ऊपर उठाकर एक सरल अभ्यास किया जाता है। इससे दिनभर की थकान कम होती है।

- स्लीप योगा में शामिल दूसरी गतिविधि शवासन है। यह वास्तव में स्लीप योगा का ही एक हिस्सा है। इसके तहत शरीर को पूरी तरह से ढीला छोड़ दिया जाता है, जिस कारण यह अभ्यास मानसिक तनाव कम करने में सहायक साबित होता है।
- अनुलोम-विलोम और गहरी श्वास, भी स्लीप योगा के कंप्लीट पैकेज का हिस्सा है। इसके तहत धीमी और नियंत्रित श्वास तंत्रिका तंत्र को शांत करने में मदद मिलती है, जिससे सोने की तैयारी आसान हो जाती है।

**और भी हैं कई फायदेः** यह आसन सिर्फ बुजुर्गों के लिए नहीं है। सभी उम्र के व्यक्ति इन दिनों नींद से पीड़ित हैं, ऐसे में हर उस व्यक्ति के लिए स्लीप योगा बहुत कारगर तरीका है, जो नींद संबंधी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। यही कारण है कि स्लीप योगा सभी आयु और वर्गों के लिए बेहद उपयोगी है। इसके और भी कई फायदे हैं। जैसे- बेहतर एकाग्रता पाने का जरिया है। इससे स्मरण शक्ति तेज होती है। भावनात्मक संतुलन बेहतर होता है। कार्यक्षमता बढ़ती है और समग्र स्वास्थ्य लाभ होता है यानी जब नींद सुधरती है, तो जीवन के कई अन्य पहलुओं पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**इन पर करे अमलः** स्लीप योगा के जरिए भरपूर नींद पाने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखें। सोने से 30 मिनट पहले मोबाइल, लैपटॉप और सभी तरह के गैजेट व इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से पूरी तरह से अपनी दूरी बना लें। रात में भारी भोजन करने से बचें। बिस्तर में लेटकर 5 से 10 मिनट तक गहरी श्वास का अभ्यास करें। योग निद्रा या शवासन को अपने रोजमर्रा की दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। हर दिन एक ही समय पर सोने और एक ही समय पर जगने की आदत डालें। अत्यधिक चाय, कॉफी का सेवन देर शाम के बाद न करें, इससे नींद खराब होती है। *



ट्रीटमेंट

डॉ. देवेंद्र कुमार
दंत चिकित्सक, एम्स-दिल्ली

आरसीटी के बाद जब प्राकृतिक दांत का बहुत ज्यादा हिस्सा ऊपर की ओर नहीं बचे या कुछ समय बाद किसी कारणवश वह टूट जाए, तब दंत चिकित्सक 'पोस्ट एंड कोर' की सलाह देते हैं। क्या है यह प्रोसेस, जानिए।

# आरसीटी के बाद दांत को सुरक्षित बनाए पोस्ट एंड कोर

दांतों में गंभीर इंफेक्शन होने पर डेंटिस्ट रूट कैनाल ट्रीटमेंट (आरसीटी) करते हैं। 'पोस्ट एंड कोर', डेंटल रेस्टोरेशन की वह प्रक्रिया है, जिसका प्रयोग ऐसे दांत को सुरक्षित रखने के लिए किया जाता है, जिसमें आरसीटी के बाद दांत का प्राकृतिक ढांचा ज्यादा नहीं बच पाता। ऐसे में क्राउन, ब्रिज, इंप्लांट या रिमूवर बेंचर के लिए यह सहारा बनता है।

## क्या है पोस्ट एंड कोर

**पोस्टः** इस प्रक्रिया में धातु या फाइबर की एक पतली छड़ (रॉड) को रूट कैनाल की जड़ खाली करके उसमें डाला जाता है।

**कोरः** यह पोस्ट के चारों ओर बनाया जाने वाला आधार है, जो क्राउन रेस्टोरेशन को मजबूती और स्थिरता देता है।

## क्यों पड़ती है इसकी जरूरत

आरसीटी के बाद पोस्ट एंड कोर की जरूरत कुछ कंडीशंस में पड़ती है।

- दांत का ढांचा पर्याप्त न होने पर, क्राउन ढीले हो सकते हैं, अपनी जगह से हट सकते हैं या आरसीटी किए गए दांत को सही सुरक्षा नहीं दे पाते। ऐसे में पोस्ट एंड कोर प्रक्रिया एक मजबूत आधार बनकर इस ढांचागत कमी को दूर करती है, जो दांत के मूल आंतरिक ढांचे जैसा ही होता है।
- कई बार दांतों के ढांचे के नुकसान की सीमा ट्रीटमेंट से पहले दांत की स्थिति पर भी निर्भर करती है। जिन दांतों में बहुत ज्यादा सड़न होती है या पहले से बड़ी फिलिंग होती है, उनमें आरसीटी के बाद बहुत कम स्वस्थ ढांचा बच जाता है। ऐसे में, दांत की बची हुई दीवारें भोजन चबाने की प्रक्रिया का दबाव भी नहीं झेल पातीं।
- आरसीटी के बाद दांत में लगातार बेचैनी या सेंसिटिविटी, खासकर कुछ काटते या चबाते समय, महसूस हो या लगे कि स्ट्रक्चरल सपोर्ट सही नहीं है या टेंपररी रेस्टोरेशन में कोई दिक्कत है या टेंपररी फिलिंग या क्राउन ढीला हो जाए या निकल जाए या ट्रीटमेंट किए गए दांत के रूप-रंग में बदलाव दिखने लगे, तो डॉक्टर यह प्रोसीजर कर सकते हैं।



## क्या होता है इस प्रक्रिया में

पोस्ट एंड कोर की यह प्रक्रिया आरसीटी के कई हफ्तों बाद की जाती है, ताकि ट्रीटमेंट के बाद दांत को ठीक होने का पर्याप्त समय मिल सके। इसकी आवश्यकता किसी मरीज को है या नहीं, यह भी चिकित्सक आरसीटी के बाद तय करते हैं।

इस प्रक्रिया के दौरान रूट कैनाल फिलिंग मैटीरियल के एक हिस्से को सावधानी से हटाया जाता है ताकि पोस्ट के लिए जगह बन सके, साथ ही जड़ के सिरे पर सही सील बनी रहे। इसके बाद पोस्ट को या तो सीमेंट से अपनी जगह पर लगाया जाता है या कुछ मामलों में, कोर स्ट्रक्चर के हिस्से के तौर पर कास्ट किया जाता है। पोस्ट के चारों ओर कोर मैटीरियल लगाकर दांत के खोए हुए हिस्से को फिर से बनाया जाता है, ताकि फाइनल क्राउन को सहारा देने के लिए सही आकार और बनावट तैयार कर सकें। पोस्ट एंड कोर के लिए कई जगह कंपोजिट कोर के साथ फाइबर ग्लास पोस्ट या पारंपरिक कास्ट मेटल पोस्ट और कोर का भी प्रयोग करते हैं।

## इन बातों का रखें ध्यान

आरसीटी के बाद जरूरी इलाज में देरी से समस्या बढ़ सकती है, क्योंकि बिना सुरक्षा वाले दांतों के टूटने या उनमें दोबारा इंफेक्शन होने का खतरा बना रहता है। ऐसे में जरूरी है कि मरीज आरसीटी के बाद रेग्युलर फॉलोअप कराते रहें। *

**प्रस्तुतिः सुषमाश्री**

## खबर संक्षेप

### कंपनी कर्मचारी ने ट्रेन से कटकर दी जान

**बहादुरगढ़।** रोहद के निकट रेल से कटकर जान देने वाले युवक के शव का बुधवार को जीआरपी ने पोस्टमार्टम करा दिया। मृतक करीब 24 वर्षीय विशाल रोहद का रहने वाला था और किसी कंपनी में काम करता था। परिवार में इकलौता पुत्र था। मंगलवार को वह हाफ डे के बाद कंपनी से निकला और रेलवे ट्रैक पर जान दे दी। करीब 3 महीने पहले ही उसकी शादी हुई थी। उसने किन कारणों के चलते यह कदम उठाया, ये अभी स्पष्ट नहीं है। परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई करेगी।

### 13 को होंगे आवासीय कुश्ती अकादमी के ट्रायल

**रोहतक।** सर छोटूराम स्टेडियम स्थित आवासीय कुश्ती खेल अकादमी (बालिका) में रिक्त सीटों को भरने के लिए 13 जुलाई को चयन ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने पात्र बालिका खिलाड़ियों से निर्धारित समय पर ट्रायल में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि अकादमी में तीन रिक्त सीटों और पांच प्रतीक्षा सूची की सीटों के लिए 12 से 19 वर्ष आयु वर्ग की बालिका खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। ट्रायल 13 को सुबह 9 बजे सर छोटूराम स्टेडियम, सोनीपत रोड पर होंगे। चयन प्रक्रिया में अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाली खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### अंतिम तिथि 14 जुलाई, लेकिन प्रपत्र 10 तक जमा करने के दिए निर्देश

# जल्द गणना प्रपत्र भरकर मतदान का अधिकार करें सुरक्षित : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिले में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एसआईआर अभियान के अंतर्गत गणना प्रपत्रों के संग्रहण और डिजिटाइजेशन का कार्य तेजी से जारी हैं। सभी पात्र मतदाता 14 जुलाई अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना 10 जुलाई तक जल्द से जल्द अपने गणना प्रपत्र भरकर संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराएं, ताकि उनका मतदान का अधिकार सुरक्षित रह सके। यह बात डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्षा खांगवाल ने एसआईआर अभियान को लेकर पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध और अपडेट बनाने का कार्य केवल प्रशासन का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भी जिम्मेदारी है। ऐसे में पात्र मतदाता गणना प्रपत्र भरकर तुरंत बीएलओ को जमा कराएं, जिससे उनका तत्काल डिजिटाइजेशन हो सके। उन्होंने बताया कि बीएलओ की पहली जिम्मेदारी सभी मतदाताओं से गणना प्रपत्र प्राप्त कर उनका डिजिटाइजेशन करना है। उन्होंने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया जाएगा। जबकि उचित ढंग से कार्य न करने वालों और अपेक्षा से कम कार्य करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि उचित ढंग से कार्य न करने वाले कुछ बीएलओ का वेतन रोकने के लिए डीईओ को निर्देश दिए गए है।



**झज्जर।** पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए डीसी वर्षा खांगवाल।

### डीसी ने की डिजिटलाइजेशन कार्य की समीक्षा

**झज्जर।** जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के तहत एसआईआर को लेकर गणना प्रपत्रों के संग्रहण और डिजिटलाइजेशन का कार्य निरंतर जारी है। संबंधित अधिकारी भी नियमित मॉनिटरिंग करते हुए एप पर गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज्ड करवाना सुनिश्चित करें। यह निर्देश डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्षा खांगवाल ने एसआईआर प्रक्रिया को लेकर सीईओ हरियाणा के साथ वीसी उपरांत अधिकारियों की बैठक में दिए। उन्होंने बैठक में एएसडीडी वोटर, मतदान केंद्रों का रेशनलाइजेशन सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि गणना प्रपत्र के संग्रहण कार्य के दौरान एएसडीडी लिस्ट का डाटाबेस तैयार किया जाए, जरूरत अनुरूप राजनीतिक दलों से जानकारी सांझा करते हुए एसआईआर की प्रगति से अवगत कराया जाए,ताकि एएसडीडी वोटर तक पहुंच सुनिश्चित हो सके।


**बहादुरगढ़।** वार्ड नंबर–13 में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी करते बीएलओ।

## मतदाताओं से एसआईआर करवाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के विभिन्न वार्डों की भांति वार्ड नंबर-13 में भी मतदाता सूची की एसआईआर का अभियान चलाया जा रहा है।

इसमें पार्षद मोहित राठी ने भी सहयोग करते हुए एसआईआर के तहत गणना फॉर्म भरवाए। शिविर के दौरान बूथ लेवल अधिकारियों ने लोगों को एसआईआर फॉर्म भरने की पूरी प्रक्रिया समझाई। ताकि गणना पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे। पार्षद मोहित राठी ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक वोट का अपना महत्व है और हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना आवश्यक है। उन्होंने वार्डवासियों से अपील करते हुए कहा कि बूथों पर पहुंचकर एसआईआर प्रक्रिया पूरी करें। ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे।


**झज्जर।** बैठक की अध्यक्षता करतीं जिला कार्यक्रम अधिकारी नेहा दहिया।

### आंगनबाड़ी नेटवर्क के माध्यम से घर-घर पहुंचेगा मतदाता जागरूकता का संदेश : नेहा दहिया

**झज्जर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित एसआईआर अभियान के तहत जिलेभर में जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए जागरूकता बैठक आयोजित की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी नेहा दहिया ने बताया कि जिला में स्वीप गतिविधियों के माध्यम से निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विभिन्न विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों एवं सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से नागरिकों को मतदाता सूची के एसआईआर अभियान की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में आंगनवाड़ी केंद्रों, ग्राम स्तरीय बैठकों एवं जनसंपर्क गतिविधियों के माध्यम से लोगों को मतदाता सूची का सत्यापन करने, नए पात्र मतदाताओं के नाम दर्ज करवाने तथा आवश्यक संशोधन कराने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग का मजबूत जमीनी नेटवर्क निर्वाचन आयोग के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।


**झज्जर।** भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए श्रद्धालु।

### भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

**झज्जर।** बालाजी सेवा समिति द्वारा बुधवार को मेन बाजार स्थित डाकघर परिसर में वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हवन के साथ हुई। हवन में पूर्णाहुति डालकर समिति सदस्यों द्वारा सर्व मंगल की कामना की गई। इसके बाद कंजक पूजन के साथ विधिवत रूप से भंडारे की शुरूआत की गई। सुबह करीब ग्यारह बजे से दोपहर बाद चार बजे तक चले भंडारे में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# डीसीपी ने जब्त नशीले पदार्थों का रिकॉर्ड जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को डीसीपी हैडक्वाटर दीप्ति गर्ग ने पुलिस लाइन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामलों में जिला पुलिस द्वारा जब्त किए गए नशीले पदार्थों के सुरक्षित रख-रखाव, उनके रिकॉर्ड तथा मालखाना व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जब्त सामग्री के संरक्षण, रिकॉर्ड संधारण एवं नियमानुसार कार्रवाई की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनडीपीएस मामलों में जब्त नशीले पदार्थों का सुरक्षित संरक्षण और उनका पारदर्शी रिकॉर्ड संधारण अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके उपरांत उन्होंने पुलिस लाइन के प्रशासनिक भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न शाखाओं का दौरा कर उनके कार्य प्रणाली, व्यवस्थाओं, रिकॉर्ड, साफ-सफाई तथा कर्मचारियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली।


**झज्जर।** नशीले पदार्थों के रिकॉर्ड की जांच करतीं डीसीपी दीप्ति गर्ग।

# कैंटर से टक्कर में पिकअप परिचालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

आसौदा के निकट केएमपी पर 2 हादसे हो गए। एक हादसे में पिकअप के परिचालक की मौत हो गई, जबकि दूसरे हादसे में ट्रेलर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को परिजन मेरठ ले गए हैं, जबकि मृतक के शव का पोस्टमार्टम वीरवार को हो पाएगा। पहला हादसा रात करीब साढ़े 3 बजे का बताया जा रहा है। यहां केएमपी की ले-बाई के निकट पिकअप गाड़ी एक कैंटर से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि परिचालक सीट पर बैठे युवक को गंभीर चोट आई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में रखवाया। मृतक के साथ गाड़ी चलाने वाले चालक का फिलहाल कुछ अता पता नहीं है। मृतक की शिनाख्त की भी पुष्टि पुलिस ने नहीं की है और न ही कोई केस बुधवार शाम तक दर्ज हो पाया था। जांच अधिकारी सोमबीर का कहना है कि वीरवार को परिजन आएंगे। इसके बाद पोस्टमार्टम होगा।


एंबुलेंस में रखवाया जा रहा शव।

### केएमपी पर ट्रेलर व कैंटर भिड़े, कैबिन काटकर घायल चालक को निकाला बाहर

आसौदा के ही निकट केएमपी पर क्वाइल से लोड ट्रेलर और एक कैंटर की टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही ट्रेलर का कैबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची। कई घंटे की मशक्कत के बाद कैबिन काटकर घायल चालक को बाहर निकाला जा सका। परिजन उसे मेरठ के अस्पताल में लेकर गए हैं। घायल की पहचान नान्हा निवासी बुलंदशहर के रूप में हुई है। पुलिस ने हादसों में क्षतिग्रस्त वाहन सड़क से हटाकर यातायात सुचारू कराया। मामले में जांच जारी है।


**झज्जर।** ग्रामीणों को जागरूक करते हुए नशा मुक्ति टीम। फोटो :हरिभूमि

# खाचरौली गांव में लोगों को नशे के दुष्प्रभाव बता दूर रहने की सलाह दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियान के तहत नशा मुक्ति टीम ने बुधवार को क्षेत्र के गांव खाचरौली में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में नशा मुक्ति टीम के एएसआई पवन कुमार एवं उनकी टीम ने ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए समाज को नशा मुक्त बनाने का संदेश दिया। उन्होंने ग्रामीणों को बताया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज की खुशहाली पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से नशे से दूर रहने तथा अपने आसपास किसी भी प्रकार की नशा तस्करी या अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई। इसके अलावा पुलिस टीम ने आपातकालीन सेवा डायल-112 की उपयोगिता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत इस सेवा का लाभ लिया जा सकता है। ग्रामीणों को साइबर अपराधों, ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी साझा करने और डिजिटल भुगतान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी विस्तार से जागरूक किया गया।

## नहरों की सुरक्षा और स्वच्छता के लिए मंत्री को सौंपा ज्ञापन

- नहरों को सुरक्षित रखने के लिए उनके किनारों पर मजबूत लोहे की रेलिंग लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

भाजपा नेता जसबीर सैनी ने बुधवार को सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी से मुलाकात कर नहरों की सुरक्षा, स्वच्छता और संरक्षण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने मंत्री को मांगपत्र सौंपते हुए नहरों के किनारे लोहे की रेलिंग लगाने तथा यथासंभव नहरों को ढकने की मांग की।

पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने बताया कि बहादुरगढ़ के सेक्टर-6 के साथ से गुजरने वाली सिंचाई विभाग की नहर से जलघर को पानी की आपूर्ति होती है। इसके बावजूद नहर के अंदर और आसपास कूड़ा-करकट डाला जाता है। इससे पर्यावरण और स्वच्छता पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। नहरों को सुरक्षित रखने के लिए उनके किनारों पर मजबूत लोहे की रेलिंग लगाई जाए और चरणबद्ध तरीके से उन्हें कवर किया जाए। नहरों को कवर करने से हादसों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। नहरों की सुरक्षा और स्वच्छता सुनिश्चित करना बेहद आवश्यक है। इस अवसर पर जसवंत सैनी, श्याम लाल, राजपाल, राहुल, नवीन दहिया, सुनील सैनी, अरुण गोयल व सुरेश यादव आदि मौजूद रहे।


**बहादुरगढ़।** मंत्री श्रुति चौधरी के साथ जसबीर सैनी व अन्य।

# गांव खुड्डन में चार माह के मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव खुड्डन में चार माह के एक मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सुबह जब तबीयत बिगड़ी तो उसकी मां उसे लेकर उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लेकर पहुंची। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान चार माह के इशू पुत्र मोहम्मद आजम के रूप में हुई है। मूल रूप से यूपी जिला बिजनौर के तारिकमपुर रूपचंद निवासी मोहम्मद आजम पिछले करीब चार-पांच माह से ही यहां खुड्डन गांव में बन रहे खेतों के रास्ते पर ब्लॉक डालने का काम कर रहा है। परिजनों के अनुसार बुधवार सुबह इशू की तबीयत अचानक खराब हो गई। उसकी हालत बिगड़ती देख उसकी मां सुनीता उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर आई, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने अस्पताल पहुंच कर परिजनों से घटना की जानकारी ली। मामले के जांच अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि मृतक शिशु के माता-पिता के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा।

अस्पताल में पहुंचे लोगों ने बंधाया ढांढस : खुड्डन गांव से जब सुनीता अपने बेटे ईशु को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंची और चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया तो वह एमरजेंसी के बाहर बैठकर विलाप करने लगी।


**झज्जर।** विलाप करते परिजन।

### ट्रेन से घायल हुई बच्ची की हालत में सुधार

**बहादुरगढ़।** रोहद के पास ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हुई बच्ची का ईलाज पीजीआई में जारी है। उसकी मां के बयान पर पुलिस ने हादसे को दुर्घटना माना है। दरअसल, बिहार मूल का बघैरन सिंह यहां रोहद में रहता था और एक प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता था। बीते शनिवार को वह रोहद के निकट रेलवे लाइन क्रास करते वक्त चपेट में आया था। इस दौरान उसकी गोद में उसकी पांच वर्षीय बेटी भी थी। हादसे में बघैरन की मौत हो गई थी। जबकि गंभीर रूप से घायल बच्ची को पीजीआई रेफर किया गया था। अब उसकी हालत में सुधार हो रहा है।

**सूचना**

मैं, संजय कुमार पुत्र श्री सतबीर सिंह निवासी मकान नं. 14/558, बसंत विहार बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा 124507 बयान करता हूं कि मेरे पुत्र के दस्तावेजों (स्कूल सर्टिफिकेट व बर्थ सर्टिफिकेट) में मेरे पुत्र का नाम चेतन (CHETAN) दर्ज है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड में चेतन (CHATEN) दर्ज है जोकि गलत है। मेरे पुत्र का नाम चेतन (CHETAN) सही व दुरूस्त है और आधार कार्ड में चेतन (CHETAN) दर्ज करवाना चाहता हूं।

### बाबा कांशीगिरी महाराज मंदिर में 311वें सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या में लगा भक्तों का तांता

# वीर हनुमाना अति बलवाना, राम राम रसियो रे... भजन पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बाबा कांशीगिरी महाराज मंदिर में 311वें सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं नें भाग लिया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव, पार्वती और गणेश जी की पूजा-अर्चना करते हुए सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में सुंदरकांड वाचक योगेश रंजन, पंडित पवन कौशिक, भारत भूषण नंदा, राजेंद्र वधवा, सुधांशु हंस, दिनेश दुजाना, रमेश लखेरा, ईश चुघ, आशा नागपाल, इंदू भूगड़ा, संगीता वर्मा, नारायणी सरदाना, नीलम गाबा, सोनिया मल्होत्रा, प्रिया तनेजा, सीमा तनेजा, पूनम छाबड़ा, वीना वर्मा, हिमांशी अरोड़ा, वंशिका गोसाई, आशु बजाज, मीनाक्षी कठपालिया, योगिता गुलाटी सहित श्रद्धालुओं ने संगीतमयी श्री सुंदरकांड पाठ का सामूहिक गायन किया। राजेंद्र वधवा, ताराचंद भूटानी, हरीश अरोड़ा, योगेश रंजन ने जय हो भोले नाथ जय हो भंडारी, तेरी महिमा है न्यारी, वीर हनुमाना अति बलवाना राम राम रसियो रे...भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर समिति के प्रधान सुधांशु हंस, प्रेम मंदिर समिति के प्रधान उमेश नंदवानी, प्रवीण सुखीजा, वेद बहल पाशु, मुकेश पोपली, भूषण चुघ, मुकेश सुखीजा, नवीन चुघ, सतीश कटारिया, संजय मक्कड़, अशोक गेरा, दीपक मक्कड़, सेवक अर्पित, मुकेश अरोड़ा, विनोद मदान, पद्म-खट्टर, वी के शर्मा, सुभाष वर्मा, भवित वर्मा आदि श्रद्धालु रहे।


झज्जर। बाबा कांशीगिरी मंदिर में भजनों का आनंद लेते हुए श्रद्धालु।

**कार्यालय नगर परिषद, बहादुरगढ़।**

**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती भानवती उर्फ भानकौर (पत्नी), सुरेश कुमार (पुत्र), सुंदर सिंह (पुत्र),जगबीर सिंह (पुत्र),नरेश कुमार (पुत्र), पुत्र/ पति/ पत्नी श्री स्व. श्री बलवान सिंह निवासी पालिका कॉलोनी किल्ला मौहल्ला बहादुरगढ़ द्वारा द्वारा Online NDC Portal Property ID No. New P.I.D. Objection No. 0181228458128 Word No. 15 कॉलोनी पालिका कॉलोनी जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ के Property Tax रिकॉर्ड में ... के नाम दर्ज है बलबान सिंह कि मृत्यु उपरान्त अब नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकोर्ड में उक्त ID No. पर प्रार्थी के द्वारा वारसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नाम तबदील करवाना चाहते हैं जिसकी वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक / तसदीक नहीं की गई है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति नं. New P.I.D. Objection No. 0181228458128 वार्ड, नं. 15 कॉलोनी पालिका कॉलोनी और यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर वह सम्पति New P.I.D. Objection No. 0181228458128, 101.00 वर्ग गज प्रार्थी श्री. भानवती उर्फ भानकौर (पत्नी), सुरेश कुमार (पुत्र), सुंदर सिंह (पुत्र),जगबीर सिंह (पुत्र),नरेश कुमार (पुत्र), पुत्र/ पति/ पत्नी श्री स्व. श्री बलवान सिंह के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड मे दर्ज कर दी जायेगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ कि कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।

**कार्यालय नगर परिषद, बहादुरगढ़।**

**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती भानवती उर्फ भान कौर, सुरेश कुमार (पुत्र), सुंदर सिंह (पुत्र), जगबीर सिंह (पुत्र), नरेश कुमार (पुत्र), पुत्र/पति/ पत्नी श्री स्व. बलवान सिंह निवासी पालिका कालोनी बहादुरगढ़, द्वारा Online NDC Portal Property ID No. 3BT845V8 Ward No. 15 कॉलोनी पालिका कॉलोनी जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ के Property Tax रिकॉर्ड में बलवान सिंह के नाम दर्ज है बलवान सिंह की मृत्यु उपरान्त अब नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकॉर्ड में उक्त ID No. पर प्रार्थी के द्वारा वारसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नाम तबदील करवाना चाहते हैं जिसकी वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक / तसदीक नहीं की गई है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति नं. 3BT845V8 वार्ड, नं. 15 कॉलोनी पालिका कॉलोनी और यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतो सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पति 3BT845V8, 101.00 वर्ग गज प्रार्थी श्रीमती भानवती उर्फ भान कौर (पत्नी), सुरेश कुमार (पुत्र), सुंदर सिंह (पुत्र), जगबीर सिंह (पुत्र), नरेश कुमार (पुत्र), पुत्र/पति/ पत्नी श्री स्व. बलवान सिंह के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड मे दर्ज कर दी जायेगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ कि कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।

किला मोहल्ला में तबेला स्कूल के एक ही परिसर में दो स्कूल, प्ले स्कूल और कार्यालय चल रहे

# 750 बच्चों के लिए सिर्फ आठ कमरे बरामदों में पढ़ने को मजबूर नौनिहाल

गर्मी में तेज धूप, बरसात में छींटों और सर्दियों में ठंडी हवाओं के बीच बच्चों की पढ़ाई होती है प्रभावित

एसडीएम के निरीक्षण और निर्देशों के बाद अब अभिभावकों और विद्यालय प्रबंधन को उम्मीद है कि वर्षों से चली आ रही इस समस्या का समाधान होगा

*इसी भवन परिसर में मेन बाजार का गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल भी संचालित हो रहा है। इस स्कूल के लगभग 350 विद्यार्थियों के लिए चार कमरे हैं। इन्हीं कमरों में मिड-डे मील की रसोई और विद्यालय का कार्यालय भी चल रहा है। ऐसे में पूरे परिसर में जगह का गंभीर संकट बना हुआ है।*





बहादुरगढ़। बरामदे में बैठकर पढ़ने को मजबूर प्राइमरी स्कूल के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नई शिक्षा नीति के तहत सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा और सुविधाएं देने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन शहर के किला मोहल्ला स्थित गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल (तबेला) की स्थिति इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। इस परिसर में तीन स्कूल चल रहे हैं। यहां करीब 750 विद्यार्थियों के लिए मात्र 8 कमरे उपलब्ध हैं। मजबूरी में बड़ी संख्या में बच्चों को बरामदे में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। तेज धूप, उमस और बरसात के दौरान यह समस्या और गंभीर हो जाती है।

सिटी पल्स

विद्यालय परिसर में कुल आठ कमरे हैं, लेकिन उनका उपयोग इस प्रकार हो रहा है कि मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त जगह नहीं बचती। करीब 350 विद्यार्थियों वाले मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल के लिए केवल तीन कमरे उपलब्ध हैं। एक कमरे में प्ले स्कूल संचालित किया जा रहा है, जिसमें लगभग 45 बच्चे पढ़ते हैं। इसी कमरे में मुख्याध्यापक का कार्यालय भी है। वहीं इसी भवन परिसर में मेन बाजार का गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल भी संचालित हो रहा है। इस स्कूल के लगभग 350 विद्यार्थियों के लिए चार कमरे हैं। इन्हीं कमरों में मिड-डे मील की रसोई और विद्यालय का कार्यालय भी चल रहा है। ऐसे में पूरे परिसर में जगह का गंभीर संकट बना हुआ है। कमरों की कमी के कारण कई कक्षाओं के विद्यार्थियों को रोजाना बरामदे में बैठना पड़ता है।

गर्मी में तेज धूप, बरसात में छींटों और सर्दियों में ठंडी हवाओं के बीच बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। अभिभावकों का कहना है कि इस माहौल में छोटे बच्चों का ध्यान पढ़ाई पर केंद्रित रखना मुश्किल हो जाता है। एसडीएम अभिनव सिवाच के निरीक्षण और निर्देशों के बाद अब अभिभावकों और विद्यालय प्रबंधन को उम्मीद है कि वर्षों से चली आ रही इस समस्या का समाधान होगा और सैकड़ों बच्चों को बरामदे के बजाय कक्षाओं में बैठकर पढ़ने का अवसर मिल सकेगा।

### प्रशासन को तुरंत करना चाहिए समाधान



तबेला प्राइमरी स्कूल के मुख्याध्यापक दिलबाग सिंह ने बताया कि उच्च अधिकारियों को भेजे पत्र में मेन बाजार के प्राइमरी स्कूल को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के भवन में स्थानांतरित करने की मांग की गई है। उनका कहना है कि इससे मॉडल संस्कृति स्कूल के सभी बच्चों को कक्षाओं में बैठाकर पढ़ाया जा सकेगा। कई बार मौसम खराब होने पर कक्षाएं ठीक से नहीं लग पातीं। प्रशासन को तुरंत समाधान करना चाहिए।

### बच्चों के लिए होने चाहिए पर्याप्त कमरे



पार्षद रमन यादव ने कहा कि जब सरकार शिक्षा पर इतना खर्च कर रही है तो बच्चों के लिए पर्याप्त कमरे भी होने चाहिए। छोटे-छोटे बच्चों को खुले बरामदे में बैठाना ठीक नहीं है। कमरों की कमी का असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। यदि एक स्कूल को दूसरे भवन में शिफ्ट करने से समस्या का समाधान हो सकता है तो इसमें देरी नहीं होनी चाहिए। बच्चों का भविष्य सबसे पहले होना चाहिए। प्रशासन को जल्द फैसला लेना चाहिए।

### अधिकारियों को समाधान निकालने के दिए निर्देश



एसडीएम अभिनव सिवाच ने बताया कि उन्होंने तबेला स्कूल परिसर का निरीक्षण किया था और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान निकालने के निर्देश दिए हैं। बरामदे में बैठकर पढ़ाई कर रहे बच्चों को देखकर अधिकारियों से नाराजगी जताई। उन्होंने मेन बाजार के गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल को गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए, ताकि मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल के विद्यार्थियों को पर्याप्त कमरे उपलब्ध कराए जा सकें।



झज्जर। फर्स्ट एड बॉक्स प्रतियोगिता में भाग लेते हुए विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## फर्स्ट एड बॉक्स प्रतियोगिता में देवेन दक्ष, कार्तिक व शौर्य का समूह प्रथम

■ कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल बिरड़ में विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल बिरड़ में विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार के प्रति जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से फर्स्ट एड बॉक्स के महत्व से अवगत कराया गया। इस गतिविधि में चौथी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने समूह बनाकर भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने फर्स्ट एड बॉक्स में आवश्यक सामग्री की जानकारी, उसके उपयोग एवं प्राथमिक उपचार के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में दक्ष, देवेन,कार्तिक और शौर्य के समूह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कैम्ब्रिज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन शरद यादव ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों में जागरूकता, जिम्मेदारी एवं सेवा भाव का विकास करती हैं। प्राचार्य प्रदीप नेहरा ने भी प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया।

## बहादुरगढ़ शहर में बढ़ रहा बंदरों का उत्पात

■ बंदर किसी भी वक्त घर में घुस जाते हैं और सामान को नुकसान पहुंचाते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर में बंदरों का उत्पात बढ़ता ही जा रहा है। मॉडल टाउन समेत लगभग सभी कॉलोनियों में इन दिनों बंदरों का जमावड़ा रहता है। जिस कारण स्थानीय निवासी बेहद परेशान हैं। रामकिशन, संजीव, सतीश, बलवान व नरेंद्र आदि का कहना है कि बंदर किसी भी वक्त घर में घुस जाते हैं और सामान को नुकसान पहुंचाते हैं। प्रशासन इस ओर गंभीरता से ध्यान दें।



बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को जागरूक करते एसआई सत्यप्रकाश। फोटो: हरिभूमि

## विद्यार्थियों को समझाए सड़क सुरक्षा के नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

यातायात पुलिस के उपनिरीक्षक सत्यप्रकाश व उनकी टीम द्वारा स्कॉलर्स ग्लोबल स्कूल में नशा मुक्ति तथा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों सहित तमाम स्कूल स्टाफ को नशे के दुष्प्रभावों तथा यातायात नियमों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

एसआई सत्यप्रकाश ने विद्यार्थियों से कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

साथ ही सड़क पर वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, मोबाइल फोन का उपयोग न करने, नाबालिगों द्वारा वाहन न चलाने तथा यातायात संकेतों का पालन करने की अपील की।

## चार करोड़ से सुधरेगा जर्जर हो चुका नजफगढ़ रोड

**चेयरपर्सन ने कहा पुराना बस स्टैंड से बालौर चौक तक सीसी सड़क बनाएगी पीडब्ल्यूडी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



लंबे समय से जर्जर हो चुके शहर के नजफगढ़ रोड के पुनर्निर्माण पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा 4 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसे लेकर नगर परिषद की चेयरपर्सन सरोज राठी ने पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता अनिल रोहिल्ला से मुलाकात की।

चेयरपर्सन सरोज राठी ने बताया कि पुराना बस स्टैंड से नजफगढ़ रोड होते हुए बालौर चौक तक सड़क निर्माण का एस्टीमेट प्रदेश सरकार ने स्वीकृत कर दिया है। इस पर करीब 4 करोड़ रुपये खर्च होंगे। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। सरोज राठी ने बताया कि उन्होंने कई महीने पहले भी पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से मुलाकात की थी। उनकी मांग पर ही सड़क के पुनर्निर्माण का एस्टीमेट तैयार किया गया था। अब बजट स्वीकृत होने के बाद शहरवासियों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं और खराब सड़क के कारण दुर्घटनाओं की आशंका भी लगातार बनी रहती है। उन्होंने विश्वास जताया कि सीसी सड़क बनने के बाद न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि लोगों को सुरक्षित और बेहतर आवागमन की सुविधा भी मिलेगी।

## परनाला श्मशान घाट के बाहर शिव प्रतिमा का अनावरण

**बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया**

*कालीदास महाराज ने भगवान शिव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा उपस्थित श्रद्धालुओं को भगवान शिव के आदर्शों पर चलने, समाज में प्रेम, भाईचारे और सेवा की भावना को बढ़ावा देने का संदेश दिया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

परनाला स्थित श्मशान घाट के बाहर मुख्य मार्ग पर स्थापित भगवान शिव की प्रतिमा का धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ बुधवार को अनावरण किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कार्यक्रम में भाग लेकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम में पहुंचे पूज्य कालीदास महाराज का सरपंच प्रतिनिधि अशोक राठी ने स्वागत एवं सम्मान किया। इसके बाद कालीदास महाराज ने भगवान शिव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा उपस्थित श्रद्धालुओं को भगवान शिव के आदर्शों पर चलने, समाज में प्रेम, भाईचारे और सेवा की भावना को बढ़ावा देने का संदेश दिया। सरपंच मुकेश राठी ने बताया कि मुख्य मार्ग पर भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित होने से श्रद्धालुओं को दर्शन का अवसर मिलेगा और यह स्थान धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा। कार्यक्रम के दौरान सरपंच एसोसिएशन प्रधान अशोक राठी, खाप प्रधान रणबीर राठी, जयकंवार राठी, राजेश, रामकरण, तेजू, प्रीतम, विक्की, जोगी व अमित आदि ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना करते हुए भगवान भोलेनाथ से आशीर्वाद मांगा।



बहादुरगढ़। परनाला में शिव प्रतिमा का अनावरण करते कालीदास महाराज। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

**एक टीका बेटी के लिए, एक पौधा धरती मां के लिए अभियान चलाया**

## पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

एचपीवी टीकाकरण अभियान को गति देने व पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक टीका बेटी के लिए, एक पौधा धरती मां के लिए अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्र के गांव जमालपुर व ढाकला सीएचसी में अभियान के अंतर्गत 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव संबंधी एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है।

बुधवार को क्षेत्र के गांव में खानपुर खुर्द में एचपीवी टीकाकरण करवाने वाली सात बालिकाओं के सम्मान में गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टीकाकरण कराने वाली बालिकाओं ने एक-एक पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस मौके पर एचएलएफपीपीटी टीम से अमरजीत, रेणुका, मयूर, एएनएम विनोद, शिक्षक रेणु, शर्मिला, नीलम, आशा, सरिता सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। पौधरोपण करते हुए शिक्षक एवं स्वास्थ्यकर्मी। फोटो: हरिभूमि

### आज का एचपीवी टीकाकरण कल के स्वस्थ भविष्य की नींव

प्राचार्य विजय कुमार व ग्राम प्रधान कृष्ण कुमार ने अपने-अपने संबोधन में एचपीवी टीकाकरण को बालिकाओं के स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि आज का एचपीवी टीकाकरण कल के स्वस्थ भविष्य की नींव है। इसी प्रकार आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करेगा। स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक एवं अप्रमाणित जानकारियों पर विश्वास न करें तथा केवल वैज्ञानिक तथ्यों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों की सलाह के आधार पर ही निर्णय लें।

## एडवोकेट के जन्मदिन पर लगा आइसक्रीम भंडारा

बहादुरगढ़। एडवोकेट वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष अधिवक्ता विक्रम छिल्लर के जन्मदिन पर बुधवार को कोर्ट परिसर के सामने तीसरे विशाल आइसक्रीम भंडारे का आयोजन किया। इसमें बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं व शहरवासियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीश्री 1008 महंत सूर्यनाथ महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पूजा-अर्चना के साथ किया। प्रसिद्ध गायक सुरेंद्र आनंद ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। एडवोकेट विक्रम छिल्लर ने कहा कि अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा करना उनका प्रमुख ध्येय है। अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए कार्य करना उनकी प्राथमिकता है। मास्टर अनूप सिंह छिल्लर ने उन्हें आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में महिला आयोग की सदस्य सुनीता लोहचब, अधिवक्ता रामकुमार, रॉकी मित्तल, कांग्रेस नेता अरुण खत्री, महिला थाना एसएचओ नीलम, एएसआई सरला, अनूप दलाल, बबीता दहिया, ओमबीर छिकारा, सुरेंद्र दलाल, तकदीर सिंह, डॉ. जितेंद्र कुमार, हरिओम जांगड़ा, धर्मपाल ग्रेवाल आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते एडवोकेट विक्रम छिल्लर।



झज्जर। जिला कारागार परिसर में पौधरोपण करते हुए सीजेएम विशाल।

### सीजेएम ने जिला कारागार में किया पौधरोपण

झज्जर। बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम विशाल ने जिला कारागार में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अगस्त माह तक करीब एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। जिसको लेकर सभी पैरा लीगल वालंटियर को आवश्यक निर्देश दिए गए है। उन्होंने आमजन से जीवन में कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने की अपील की।



बहादुरगढ़। जेसी कॉलेज ऑफ लॉ में पौधे लगाते डॉ. शालिनी त्यागी व अन्य।

### जेसी कॉलेज ऑफ लॉ में लगाए पौधे

बहादुरगढ़। गांव लोवा खुर्द में जेसी कॉलेज ऑफ लॉ में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण अभियान चलाया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम विशाल के निर्देशानुसार पैरा लीगल वालंटियर प्रकाश चंद्र द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को वृक्षारोपण के महत्व, पर्यावरण संरक्षण तथा जलवायु संतुलन बनाए रखने में पेड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी। सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जेसी कॉलेज ऑफ लॉ की निदेशक डॉ. शालिनी त्यागी, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अमित कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर कपिल देव आदि ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए लोगों को प्रेरित किया।